मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-493
02/10/2025

# भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें नमन किया गया

पटना, 02 अक्टूबर 2025 :– भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनायी गयी तथा उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

पटना के शास्त्रीनगर पार्क में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने शास्त्रीनगर पार्क में स्थापित स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर विधान पार्षद श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, विकास आयुक्त डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, आयुक्त पटना प्रमंडल डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री जितेन्द्र राणा, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

******